GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EDUCATION
DEPARTMENT OF SCHOOL EDUCATION & LITERACY

LOK SABHA

UNSTARRED QUESTION NO. 1985
TO BE ANSWERED ON 14.03.2022

KENDRIYA VIDYALAYAS IN TAMIL NADU

1985. SHRI RAMALINGAM S.:
DR. VISHNU PRASAD M.K.:

Will the Minister of EDUCATION be pleased to state:

(a) whether the Government proposes to set up new Kendriya Vidyalayas (KVs) in all the States and if so, the details thereof Region-wise / District-wise;

(b) whether the Government proposes to set up a new KV in Mayiladuthurai area of Tamil Nadu where sufficient land is available and could be acquired without any delay from Tamil Nadu Government as per the norms;

(c) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor;

(d) the details of districts in Tamil Nadu where KVs have not been set up; and

(e) the total number of KVs and presently functional KVs in Tamil Nadu along with total number of students studying in these schools?

ANSWER

MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION
(SMT. ANNPURNA DEVI)

(a) to (c) Opening of new KVs is a continuous process. KVs are opened primarily to cater to the educational needs of the wards of transferable Central Government Employees including Defence & Para-Military personnel, Central Autonomous Bodies, Central Public Sector Undertakings (PSUs) and Central Institute of Higher Learning (IHL) by providing a common programme of education throughout the country. Proposals for opening of new KVs are considered only if sponsored by Ministries or Departments of the Government of India / State Governments / Union Territories (UTs) Administrations and committing resources for setting up a new KV. The proposals received from various sponsoring authorities found fulfilling the mandatory pre-requisites for opening of new KVs have to compete with other such proposals under the “Challenge Method” and subject to approval of the competent

authority. Kendriya Vidyalaya Sangathan has not received any proposal in the prescribed proforma for opening of a new KV in Mayiladuthurai area from the State Government of Tamil Nadu.

(d) KVs are not opened on the criteria of State / District – Wise etc. There is no KVs in Ariyalur, Erode, Kallakurichi, Karur, Krishnagiri, Nagapattinam, Namakkal, Pudukkottai, Salem, Theni, Thoothukudi & Viluppuram districts of Tamil Nadu.

(e) At present, 45 KVs are functioning in the State of Tamil Nadu and 64347 students are studying in these KVs.

*****

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1985

उत्तर देने की तारीख: 14.03.2022

तमिलनाडु में केन्द्रीय विद्यालय

†1985. श्री एस. रामलिंगमः

डॉ. एम.के. विष्णु प्रसाद:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु सहित सभी राज्यों में नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्र/जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का तमिलनाडु के मयिलादुथुराई क्षेत्र में एक नया केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने का विचार है जहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है और जिसका बिना किसी देरी के तमिलनाडु सरकार से मानदंडों के अनुसार अधिग्रहण किया जा सकता है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) तमिलनाडु के उन जिलों का ब्यौरा क्या है जहां केंद्रीय विद्यालय स्थापित नहीं किए गए हैं; और

(ङ) तमिलनाडु में कुल कितने केंद्रीय विद्यालय हैं और वर्तमान में इनमें से कितने कार्यशील हैं और इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग): नए केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है। पूरे देश में एक साझा शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करते हुए केवि मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। । नए

केवि खोलने के प्रस्तावों पर तभी विचार किया जाता है जब इन्हें भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों / राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जाता है और एक नया केवि स्थापित करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। नए केवि खोलने के लिए अनिवार्य पूर्व-आवश्यकताओं को पूरा करने वाले विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती पद्धति" के तहत अन्य प्रस्तावों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी और यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन होता है ऐसे केन्द्रीय विद्यालय संगठन को तमिलनाडु राज्य सरकार से मयिलादुतुराई क्षेत्र में एक नया केवि खोलने के लिए निर्धारित प्रपत्र में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ) राज्य/जिला-वार आदि के मानदंडों पर केवि नहीं खोले जाते हैं। तमिलनाडु के अरियालुर, इरोड, कल्लाकुरिची, करूर, कृष्णागिरी, नागपट्टिनम, नमक्कल, पुदुक्कोट्टई, सेलम, थेनी, थूथुकुडी और विलुप्पुरम जिलों में कोई केवि नहीं है।

(ङ) वर्तमान में, तमिलनाडु राज्य में 45 केवि काम कर रहे हैं और इन केवि में 64347 छात्र पढ़ रहे हैं।

*****